5	आईसक्रीम फैक्ट्री तथा सोडा वाटर मैन्यूफैक्चरिंग / एसेन्स वाटर फैक्ट्री	1,500.00
6	गुददड़ गोदाम	1,500.00
7	कंकड़ तथा सुर्खी की भट्टी	500.00
8	चूना	500.00
9	ईंट का भट्टा	7,500.00
10	पेठा बनाने का कारखाना	1,200.00
11	जूता बनाने का कारखाना	600.00

1	2	3
		रु0
12	लोहा व्यापारी, टिम्बर, सीमेन्ट, ईंटा, बालू (थोक) तथा मोरंग, मारबल, टाइल्स, सेनेटरी, हार्डवेयर) मकराना पत्थर	5,000.00
13	बिजली के सामान के थोक विक्रेता	1,000.00
	(ब) बिजली के सामान के फुटकर विक्रेता	500.00
14	(क) कपड़ा फुटकर व्यापारी	500.00
	(ख) थोक व्यापारी	5,000.00
15	चाय थोक विक्रेता	1,200.00
16	गुड फैक्ट्री	150.00
17	खाल एवं बाल उतारने वाले	500.00
18	कैटरिंग	2,000.00
19	बेकरी भट्टी	600.00
20	बेकरी (पावर)	1,200.00
21	हेयर कटिंग सैलून	200.00
	(ख) ब्यूटी पार्लर	500.00
22	कुकिंग गैस एजेन्सी	1,500.00
23	जनरल मर्चेण्ट थोक	1,000.00
24	टेलरिंग हाउस (पांच से अधिक कर्मचारी)	1,000.00
25	टेलरिंग हाउस (पांच कर्मचारी तक)	500.00
26	कोयला थोक विक्रेता	2,000.00
27	कोयला फुटकर विक्रेता	500.00
28	बेडा / नावें	300.00
29	मसाला / पान मसाला फैक्ट्री	2,000.00
30	पेन्ट निर्माता	2,000.00
31	पेन्ट विक्रेता	1,000.00
32	बजरा नाव	200.00
33	ज्वेलर्स बड़े (5 लाख से अधिक टर्न ओवर)	10,000.00
34	ज्वेलर्स छोटे (5 लाख तक टर्न ओवर)	5,000.00
35	आभूषण निर्माता व न्यारा कार्य करने वाले / ढलाई कार्य	2,000.00
36	विज्ञापन एजेन्सी	1,200.00
37	डेयरी फार्म	1,000.00
38	भूसा थोक बिक्रेता	1,000.00
39	भूस फुटकर बिक्रेता	500.00
40	वीडियो लाइब्रेरी	1,000.00
41	आडियो लाइब्रेरी	500.00
42	केबिल टी0वी0, उत्सवों पर डी0जे0 (साउन्ड सिस्टम)	1,200.00
43	आर्किटेक्ट, कन्सलटेन्ट, विधि चाटर्ड एकाउन्टेण्ट, कास्ट एकाउन्टेण्ट	2,000.00
44	फाइनेन्स कम्पनी, चिट फण्ड	2,000.00
45	इन्श्योरेन्स कम्पनी प्रति शाखा	5,000.00
46	फाउन्डिंग, इन्जीनियरिंग, इण्डस्ट्रीज	1,200.00
47	पशुबध (स्लाटर हाउस)	50.00 प्रति पशु
48	सींग गोदाम	500.00
49	हड्डी / खाल गोदाम	1,000.00
50	अनाज, तिलहन, चीनी, गुड, खाण्डसारी (थोक बिक्रेता)	6,000.00
51	अनाज, तिलहन, चीनी, गुड, खाण्डसारी (फुटकर बिक्रेता	2,000.00
52	बार / बीयर	6,000.00

1	2	3
		रु0
53	गत्ता फैक्ट्री व डिब्बा बनाने का कार्य	1,000.00
54	टेण्ट हाउस	3,000.00
	दुकान–	
1	पान की दुकान	100.00
2	चयन की दुकान	100.00
3	जनरल मर्चेण्ट की दुकान (फुटकर)	600.00
4	किताबों की फुटकर दुकान	500.00
5	किताबों की थोक दुकान	1,000.00
6	न्यूज पेपर	200.00
7	लकड़ी के टाल की दुकान (थोक बिक्रेता)	700.00
8	लकड़ी के टाल की दुकान (फुटकर बिक्रेता)	400.00
9	टिम्बर मर्चेण्ट	3,000.00
10	टी0वी0 / रेडियो मैकेनिक (मरम्मत कार्य)	500.00
11	टी0वी0 शाप / इलेक्ट्रोनिक वस्तुयें	3,000.00
12	फर्टिलाइजर शाप	1,200.00
13	प्लास्टिक फैक्ट्री	6,000.00
14	प्लास्टि ट्रेडर्स	600.00
15	मिठाई की दुकान	600.00
16	चाट / बताशों की दुकान	200.00
17	ड्राई फ्रूट थोक बिक्रेता	1,200.00
18	ड्राई फ्रूट फुटकर बिक्रेता	600.00
19	गैस फिलिंग प्लाण्ट	12,000.00
20	फल / सब्जी की दुकान	100.00
21	बिल्डर्स रजिस्टर्ड	5,000.00
22	मसाला थोक बिक्रेता	2,000.00
23	मसाला फुटकर बिक्रेता	1,000.00
24	देशी शराब की दुकान (प्रति दुकान)	6,000.00
25	विदेशी शराब की दुकान (प्रति दुकान)	12,000.00
26	भैंसा मांस की दुकान	100.00
27	बकरा मांस की दुकान	100.00
28	फर्नीचर की दुकान (शो रूम)	2,000.00
29	फर्नीचर बिक्रेता	1,000.00
30	क्राकरी बिक्रेता	500.00
31	चूड़ी बिक्रेता	100.00
	पशु पालन–	
1	प्रति पशु	50.00
2	कांजी हाउस में बन्द जानवरों पर जुर्माना	350.00
3	प्रतिदिन की खुराकी छोटे जानवर	50.00
4	प्रतिदिन की खुराकी बड़े जानवर (गाय, भैंस, घोडा आदि)	100.00

ह0 (अस्पष्ट),
अध्यक्ष,
नगरपालिका परिषद्,
खुर्जा।

कार्यालय, नगरपालिका परिषद, खैर, अलीगढ़

04 सितम्बर, 2021 ई0

सं0 406/न0पा0प0खैर/2021-22–संख्या 416/न0पा0प0खैर/2020-21, दिनांक 02 जनवरी, 2021 के माध्यम से संयुक्त प्रान्त नगरपालिका अधिनियम 1916 यू0पी0 एक्ट संख्या 2, 1916 की धारा 131(1) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करके सीमान्तर्गत नगरपालिका परिषद, खैर सीमान्तर्गत विद्युत पोलो एंव सब-स्टेशन ट्रांसफार्मर के नियन्त्रण एंव शुल्क वसूली हेतु तैयार की गई है। जिसका प्रकाशन इस आशय से किया जा रहा है कि नगरवासियों व प्रभावित व्यक्ति/समूह अपने अमूल्य सुझाव व आपत्तियों से नगरपालिका परिषद खैर को अवगत करा सके।

समस्त नगर वासियों व प्रभावित व्यक्तियों/विभागो एंव सम्बन्धित विभाग से अपेक्षा है कि प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर अपने सुझाव व आपत्तियां नगरपालिका परिषद, खैर कार्यालय को प्राप्त कराये। जिससे उन पर विचारोपरान्त समुचित निर्णय किया जा सके। समयावधि पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जायेगी के सम्बन्धित प्रकाशन दैनिक समाचार-पत्र दैनिक "अमर उजाला" दैनिक "स्वदेश" में दिनांक 02 जनवरी, 2021 को प्रकाशित कर आपत्तियों एंव सुझाव आंमत्रित किये गये थे, परन्तु निर्धारित अवधि के अन्दर कोई आपत्ति एंव सुझाव इस कार्यालय को प्राप्त नही हुये। मा0 बोर्ड प्रस्ताव संख्या 03 दिनांक 23 मार्च, 2021 को सर्वसम्मति से अग्रेतर कार्यवाही हेतु अधिशासी अधिकारी को अधिकृत करते हुये स्वीकृति प्रदान की गयी है।

अतएव नियमावली नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 131(1) के अपेक्षानुसार सरकारी गजट में सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित की जा रही है, जो प्रकाशन की तिथि से प्रभावी मानी जायेगी।

1–संक्षिप्त नाम प्रारम्भ और प्रवत्ति–

(1) यह लोक सुरक्षा और सुविधा उपविधि नगर पालिका परिषद, खैर कहलायेगी।

(2) यह नियमावली सरकारी गजट, में प्रकाशन के दिनांक से प्रभावी मानी जावेगी।

2–परिभाषाएं–

(अ) "नगरपालिका अधिनियम" का तात्पर्य नगरपालिका अधिनियम, 1916 (2) से है।

(ब) "नगरपालिका परिषद" से तात्पर्य नगरपालिका परिषद, खैर से है।

(स) "अधिशासी अधिकारी" का तात्पर्य नगरपालिका परिषद, खैर के अधिशासी अधिकारी से है।

(द) "अध्यक्ष" से तात्पर्य नगरपालिका परिषद, खैर के अध्यक्ष प्रभारी अधिकारी से है।

3–शुल्क का विवरण अधिरोपण एंव सग्रह–

कोई व्यक्ति व कर्मचारी अथवा अभियन्ता राज्य विद्युत निगम विद्युत परिषद उ0 प्र0 अथवा अन्य विभाग जिसके द्वारा नगरपालिका परिषद, खैर की सीमा में पूर्व में स्थापित अथवा भविष्य में स्थापित विद्युत सब-स्टेशनों, पोल, पोलो जो नगरपालिका परिषद, खैर सीमा में नगरपालिका परिषद में निहित सम्पत्ति पर लगे है, लगेगें या लगें पाये जायेगें, भले ही उनकी पूर्व अनुमति पालिका से ली गई हो, अथवा पालिका की मांग पर स्थापित किये हो तथा जिसके द्वारा पालिका की सीमा में तार बिजली फैलाकर विद्युत संयोजनो द्वारा चाहे वह संयोजनो घरेलू हो अथवा अधौगिक हो, धन संग्रह करेगा उसे निम्न वर्णित अनुसूची अनुसार किराये के रूप में सभी पर शुल्क या अधिरोपण व संग्रह किया जायेगा अन्य प्राविधान इस नियमावली के प्रयोजन हेतु नामांकित किये गये है।

शुल्क अनुसूची

	रु0 प्रतिवर्ष
4–प्रति पोल बिजली प्रवाह हेतु	2,000.00 प्रतिपोल
5–प्रति सब–स्टेशन (ट्रासंफार्मर)	
(क) जो ट्रांसफार्मर भूमि पर फाउण्डेशन बना कर रखा गया हो।	5,000.00
(ख) जो ट्रासफार्मर छोटे आकर का हो व दो खम्बों पर रखा गया हो।	4,000.00

उक्त शुल्क का भुगतान प्रति वर्ष सम्बन्धित विभाग को माह अप्रैल में जमा करना होगा।

6–नियत समय के अंदर शुल्क भुगतान न करने पर विद्युत विभाग, निगम की विद्युत उपभोग हेतु प्रेषित बिलों के भुगतान से समायोजित कर लेगी और अवशेष रहती है तो विभाग से भू-राजस्व की भांति वसूलेगी।

7–राज्य विद्युत विद्युत विभाग/निगम को अनिवार्य होगा कि वह नगरपालिका परिषद खैर की सीमा में स्थित समस्त "सब-स्टेशनो व पोलो" की संख्या देगा। पुनः स्थापित करने नये खम्भे गाड़ने अथवा उखाड़ने की सूचना नगरपालिका परिषद, खैर को देगा। नये विद्युत पोलों को गाड़ने की पूर्व अनुमति पालिका से प्राप्त करेगा।

8–पोलो एंव सब-स्टेशनों के स्थापित करने की सूचना विद्युत विभाग/नगरपालिका परिषद, खैर को देगा। सूचना में उस स्थान का मानचित्र भी दिया जायेगा जहां पोल सब-स्टेशनों कायम किये जाने है।

9–पोलों एंव सब-स्टेशनों की देखभाल, मरम्मत व रख-रखाव का दायित्व स्वयं विद्युत विभाग/निगम का होगा।

10–यदि कोई पोल जड़ से उखड़ जाता है ऐक्सीडेंट से टूट जाता है गिर जाता है तो तत्काल उसे विद्युत विभाग बदलेगा/ठीक करा देगी।

11–विद्युत विभाग/निगम को यह आवश्यक होगा कि वह पोलो/सब-स्टेशनों का नियमित निरीक्षण रखेगा और प्रत्येक आवश्यक व आकस्मिक परिवर्तन की सूचना नगरपालिका परिषद, खैर को देगा।

12–पोलो एंव सब-स्टेशनों की गणना नगरपालिका परिषद, खैर द्वारा की जायेगी जिसकी संख्या में यदि कमी अथवा अधिवक्ता प्रमाण सहित पाई जायेगी तो वह तदानुसार शुल्क संशोधन कर दिया जायेगा अथवा नगरपालिक परिषद, खैर द्वारा दी गई संख्या व सूची के अनुसार आरोपित शुल्क निर्धारित अवधि में नगरपालिका परिषद, खैर की विद्युत विभाग/निगम अदा करेगी।

13–पोलों के मध्य तारों का फैलाव इस प्रकार किया जायेगा कि वह किसी भवन के ऊपर से न जाये और अनावश्यक रूप से सार्वजनिक सड़क संकुलित न हो।

14–विद्युत की लाइन की वाहन की आगमन में बाधक न हो समुचित ऊंचांई पर रखा जाये।

15–मेन लाइन का क्रॉसिंग स्थल या आगमन के स्थानों पर गार्ड वायर या गार्ड नीचे स्थापित करने होंगे।

16–मेन लाइनों का खिंचाव विद्युत नियमों के अनुसार समुचित रखा जायेगा और आधुनिक गार्ड संयत्रों से किया जायेगा।

छूट अधिगार–

17–यदि राज्य विद्युत विभाग/निगम प्रत्येक वर्ष अप्रैल में सम्पूर्ण शुल्क किरावा अदा कर देता है तो उसे 05 प्रतिशत अनुमान्य होगी। अप्रैल के बाद छूट समाप्त हो जायेगी और विलम्ब मांग पर 10 प्रतिशत अधिभार सरचार्ज के रूप में अतिरिक्त विद्युत विभाग/निगम को देय होगा।

18–यदि राज्य विद्युत विभाग/निगम के सब-स्टेशनो एंव पोलो से कोई भी जनहानि/धनहानि/विद्युत सम्बन्धी कोई हानि होती है तो उसके लिए वह स्वयं उत्तदायी होगा।

शस्ति (दण्ड)

नगरपालिका अधिनिय, 1916 की धारा 299 (1) के अधीन निर्देश देती है कि उक्त उपविधि के किसी भी उपनियम का उल्लघंन दण्डनीय होगा जो अंकन रुपया 1,000.00 (एक हजार रुपये मात्र) तक जुर्माना किया जा सकता है और ऐसा उल्लंघन निरन्तर रहने की दशा में अग्रसर जुर्माना किया जायेगा जो प्रथम दोष सिद्ध के दिनांक के पश्चात् प्रत्येक दिन के लिए जिसमें अपराध निरन्तर जारी रहना सिद्ध रु0 50.00 (पच्चास रुपये मात्र) तक हो सकता है।

ह0 (अस्पष्ट),
अधिशासी अधिकारी,
नगरपालिका परिषद,
खैर (अलीगढ़)

कार्यालय, नगरपालिका परिषद्, खैर (अलीगढ़)

04 सितम्बर, 2021 ई0

सं0 407/न0पा0प0खैर/2020-21–संख्या 520/न0पा0प0खैर/2020-21 दिनांक 15 फरवरी, 2021 के माध्यम से संयुक्त प्रान्त नगरपालिका परिषद, खैर (अलीगढ़) द्वारा यू0पी0 नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 298 (2) प्रथम सूचना के उपखण्ड (बी) एंव (सी) का प्रयोग करते हुए नगरपालिका परिषद, खैर द्वारा नामांतरण उपविधि तैयार की गई है। जिसकी स्वीकृति बोर्ड बैठक दिनांक 31 दिसम्बर, 2020 के प्रस्ताव संख्या 15 द्वारा स्वीकृति प्रदान करती है। यदि किसी भी व्यक्ति को इस संमबंध में कोई आपत्ति/सुझाव प्रस्तुत करना हो तो वह उपविधि प्रकाशन की तिथि से 10 दिवस के अन्दर नगरपालिका परिषद् कार्यालय में अपनी लिखित आपत्ति/सुझाव प्राप्त करा सकते है। निर्धारित समय सीमा के पश्चात् प्राप्त किसी भी आपत्ति/सुझाव पर कोई विचार नही किया जायेगा

समस्त नगर वासियों व प्रभावित व्यक्तियों/विभागों एंव सम्बन्धित विभाग से अपेक्षा है कि प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर अपने सुझाव व आपत्तियां नगरपालिका परिषद, खैर कार्यालय को प्राप्त कराये। जिससे उन पर विचारोपरान्त समुचित निर्णय किया जा सके। समयावधि पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जायेगी के सम्बन्धित प्रकाशन दैनिक समाचार-पत्र दैनिक "दैनिक हिन्दुस्तान/दैनिक प्रावदा" में दिनांक 16 फरवरी, 2021 को प्रकाशित कर आपत्तियों एंव सुझाव आंमत्रित किये गये थे, परन्तु निर्धारित अवधि के अन्दर कोई आपत्ति एंव सुझाव

इस कार्यालय को प्राप्त नही हुये। मा0 बोर्ड प्रस्ताव संख्या 03 दिनांक 31 मार्च, 2021 को सर्वसम्मति से अग्रेतर कार्यवाही हेतु अधिशासी अधिकारी को अधिकृत करते हुये स्वीकृति प्रदान की गयी है।

अतएव नियमावली नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 131(1) के अपेक्षानुसार सरकारी गजट में सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित की जा रही है, जो प्रकाशन की तिथि से प्रभावी मानी जायेगी।

उपविधि

1–संक्षिप्त नाम–यह उपविधि नगरपालिका परिषद्, खैर (अलीगढ़) की अचल सम्पत्तियों के हस्तांतरण सम्बन्धी नियमावली, 2021 कहलाएगी।

2–प्रसार–इसका प्रसार नगरपालिका परिषद्, खैर (अलीगढ़) की वर्तमान सीमा तथा आगामी वर्षों में होने वाली सीमा वृद्धि में होगा।

3–नगरपालिका परिषद्, खैर (अलीगढ़) की सीमा का तात्पर्य उत्तर प्रदेश शासन द्वारा समय-समय पर जारी अधिसूचना द्वारा निर्धारित नगरपालिका परिषद्, खैर (अलीगढ़) से है।

4–प्रशासक प्रभारी अधिकारी/अध्यक्ष का तात्पर्य नगरपालिका परिषद्, खैर (अलीगढ़) के प्रशासक/प्रभारी अधिकारी/अध्यक्ष से है।

5–अधिशासी अधिकारी का तात्पर्य नगरपालिका परिषद्, खैर (अलीगढ़) के अधिशासी अधिकारी से है। जोअधिकारी/दण्डाधिकारी होगा। अधिशासी अधिकारी उपविधि में दी गयी शक्तियों का प्रयोग स्वयं अथवा अपने समकक्ष अधीनस्थ अधिकारी से करा सकता है।

6–अधिशासी अधिकारी को यह अधिकार होगा कि वे प्रत्येक 5 वर्ष में पुनरीक्षण करायगें। अपरिहार्य परिस्थितियों यदि चार्ज का पुनरीक्षण न हो सकता तो प्रत्येक 5 वर्ष में निर्धारित चार्ज में 10 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए चार्ज वसूलना सुनिश्चित करायेगें।

7–यह उपविधि शासकीय गजट में प्रकाशन की तिथि से प्रभावी होगी।

नगरपालिका परिषद्, खैर की सीमा क्षेत्र के अन्तर्गत अचल सम्पत्तियों के हस्तांतरण सम्बन्धी नियमावली 2021

नगरपालिका परिषद्, खैर सीमान्तर्गत किसी भी व्यक्ति द्वारा नामांतरण का प्रार्थना-पत्र अधिशासी अधिकारी नगरपालिका परिषद्, खैर के नाम देना होगा। जिनमें कुल 6 (छः) प्रकार के दस्तावेजों के आधार पर नामांतरण किया जा सकेगा।

I. बैनामा–कोई भी व्यक्ति नगरपालिका सीमान्तर्गत यदि किसी सम्पत्ति का बैनामा के आधार पर क्रय करता है तो क्रेता यह सुनिश्चित कर ले कि नगरपालिका परिषद खैर पर उस सम्पत्ति की कोई देनदारी बकाया तो नही है। नगरपालिका परिषद्, खैर द्वारा प्राप्त एन0ओ0सी0 उसका आधार होगी। अन्यथा की स्थिति में क्रेता से नगरपालिका परिषद्, खैर द्वारा उस सम्पत्ति की बकायेदारी की वसूली की जायेगी। तत्पश्चात् ही एक अतिरिक्त शुल्क जमा के बाद नामांतरण किया जायेगा।

II. वसीयत–किसी भी व्यक्ति द्वारा अपने जीवित रहते हुए होश-हवाश में की गई वसीयत के आधार पर नामांतरण नगरपालिका परिषद्, खैर द्वारा एक निश्चित शुल्क लेकर किया जायेगा।

III. विरासतन–किसी भी व्यक्ति की मृत्यु होने पर उसके वारिसों में वारिसान प्रमाण-पत्र के आधार पर नामांतरण नीचे दिये गये एक निश्चित शुल्क को जमा करके किया जायेगा।

IV. दस्तकदारी–बहनों द्वारा भाइयों के हक में अथवा भाइयों द्वारा बहनों के हक में रजिस्टर्ड दस्तकदारी के आधार पर एक निश्चित शुल्क लेकर नगरपालिका परिषद खैर द्वारा नामांतरण किया जायेगा।

V. बँटवारानामा–सामान्यतः परिवार के सदस्यों द्वारा आपस में सहमति के आधार पर रजिस्टर्ड बँटवारानामा के आधार पर नगरपालिका परिषद्, खैर द्वारा एक निश्चित शुल्क लेकर नामांतरण किया जायेगा।

VI. दानपात्र–रजिस्टर्ड दान पात्र के आधार पर नगरपालिका परिषद्, खैर द्वारा एक निश्चित शुल्क लेकर नामांतरण किया जायेगा।

नामान्तरण शुल्क

1–नगर पालिका परिशद खैर की सीमाओं के अन्दर यदि कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार की अचल सम्पत्ति का हस्तान्तरण (लेखा ट्रान्सफर डीड) क्रय (बैनामा) रेहननामा (बंधकनामा) अथवा दानपात्र भारतीय स्टाम्प ऐक्ट, 1899 संख्या 2 के अधीन करता है। वह तब तक नही कर पायेगा जब तक सभी हस्तान्तरण की जाने वाली या बन्धक की जाने वाली अचल सम्पत्ति के मूल्य पर निम्नलिखित शुल्क का भुगतान कार्यालय नगरपालिका परिषद, खैर में जमा न कर दें।

- 5 लाख रु0 तक की सम्पत्ति–1,200 रु0
- 5 लाख से अधिक 10 लाख रु0 तक – 1,500 रु0
- 10 लाख से अधिक 25 लाख रु0 तक – 3,500 रु0
- 25 लाख से अधिक 50 लाख रु0 तक – 8,000 रु0
- 50 लाख से अधिक 1 करोड रु0 तक – 12,000 रु0
- 1 करोड रु0 से अधिक – 18,000 रु0 शुल्क देय होगा।

2–नगरपालिका परिषद, खैर की सीमाओं के अन्तर्गत स्थित किसी भी व्यक्ति की सम्पत्ति का नामान्तरण जो व्यक्ति को वसीयत, विरासत, दस्तकदारी, बँटवारानामा में प्राप्त हो रही है कार्यालय नगरपालिका परिषद खैर में–

- 5 लाख रु0 तक की सम्पत्ति – 1,000 रु0
- 5 लाख से अधिक 10 लाख रु0 तक – 1,500 रु0
- 10 लाख से अधिक 25 लाख रु0 तक – 2,000 रु0
- 25 लाख से अधिक 50 लाख रु0 तक – 3,000 रु0
- 50 लाख से अधिक 1 करोड रु0 तक – 8,000 रु0
- 1 करोड रु0 से अधिक – 15,000 रु0 शुल्क देय होगा।

प्रक्रिया

किसी भी व्यक्ति को जिसे नगरपालिका परिषद, खैर की सीमान्तर्गत सम्पत्ति का नामांतरण करवाना है वह सर्वप्रथम अधिशासी अधिकारी नगरपालिका परिषद, खैर के नाम आवेदन कार्यालय, नगरपालिका परिषद, खैर में प्रस्तुत करेगा नगरपालिका परिषद, खैर में पढ़े जाने वाले किसी भी महत्वपूर्ण दैनिक समाचार-पत्र में आपत्तियां कम से कम 15 दिन के अन्तर्गत आमंत्रित की जायेगी। नामांतरण लिस्ट मासिक आधार पर दैनिक समाचार-पत्र में प्रकाशित की जायेगी। किसी भी प्रकार की आपत्ति न होने पर नामांतरण शुल्क जमा कर नामांतरण कर दिया जायेगा।

नोट

1–किसी भी अचल सम्पत्ति पर नगरपालिका परिषद, खैर किसी भी प्रकार की बकायेदारी की स्थिति में नामांतरण नही किया जायेगा।

2–अचल सम्पत्ति पर किसी भी प्रकार के न्यायिक विवाद की स्थिति में उक्त नामांतरण को स्वतः निरस्त माना जायेगा तथा नगरपालिका परिषद, खैर किसी भी प्रकार से वादी-प्रतिवादी के रूप में सम्मिलित नही होगी।

दण्ड

यू0पी0 म्युनिसिपैलिटीज ऐक्ट, 1916 की धारा 299(1) के अर्न्तगत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए नगरपालिका परिषद, खैर यह आदेश देती है कि 1 साल बाद नामान्तरण करवाने पर दण्ड शुल्क रु0 1,000.00, 2 साल या इससे अधिक समय बाद नामांतरण कराने पर दण्ड शुल्क रु0 3,000 दण्ड शुल्क लगाया जायेगा

ह0 (अस्पष्ट),
अधिशासी अधिकारी,
नगरपालिका परिषद,
खैर (अलीगढ़)।

कार्यालय, नगरपालिका परिषद्, खैर (अलीगढ़)

26 मार्च, 2022 ई0

सं0 192/न0पा0प0खैर/2021-22–दिनांक 23 मार्च, 2022 के माध्यम से संयुक्त प्रान्त नगरपालिका अधिनियम, 1916 यू0पी0 एक्ट संख्या 2, 1916 की धारा 131(1) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करके नगरपालिका परिषद्, खैर, जनपद अलीगढ़ नगरपालिका सीमान्तर्गत केयरिंग चार्ज उपविधि, 2019 तैयार की गयी है। जिसका प्रकाशन इस आशय से किया जा रहा है कि नगरवासियों व प्रभावित व्यक्ति/समूह अपने अमूल्य सुझाव व आपत्तियों से नगरपालिका परिषद्, खैर को अवगत करा सके।

समस्त नगर वासियों व प्रभावित व्यक्तियों/समूह से अपेक्षा है कि प्रकाशन दिनांक से 30 दिवस के अन्दर अपने सुझाव व आपत्तियां नगरपालिका परिषद्, खैर कार्यालय को प्राप्त कराये। जिससे उन पर विचारोपरान्त समुचित निर्णय किया जा सके। समयावधि पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जायेगी के सम्बन्धित प्रकाशन दैनिक समाचार-पत्र "दैनिक जागरण/दैनिक स्वदेश" में दिनांक 30 सितम्बर, 2019 को प्रकाशित कर आपत्तियों एंव सुझाव आंमत्रित किये गये थे, परन्तु निर्धारित अवधि के अन्दर कोई आपत्ति एंव सुझाव इस कार्यालय को प्राप्त नही हुये। इसके अतिरिक्त अवगत कराना है कि उपरोक्त नियमावली में दण्ड का प्राविधान का अंश छूट जाने के कारण इस निकाय के द्वारा संसोधित सूचना इस कार्यालय के पत्रांक 404/न0पा0प0खैर/2020-21 दिनांक 29 दिसम्बर, 2020 को आपित्त/सुझाव हेतु "दैनिक हिन्दुस्तान/दैनिक स्वदेश" में प्रकाशित कराई गई थी। उक्त अवधि में किसी भी प्रकार की आपत्ति/सुझाव इस कार्यालय को प्राप्त नही हुआ। मा0 बोर्ड प्रस्ताव संख्या 03 दिनांक 23 मार्च, 2021 को सर्वसम्मति से अग्रेतर कार्यवाही हेतु अधिशासी अधिकारी को अधिकृत करते हुये स्वीकृति प्रदान की गयी है।

अतएव नियमावली नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 131(1) के अपेक्षानुसार सरकारी गजट में सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित की जा रही है, जो प्रकाशन की तिथि से प्रभावी मानी जायेगी।

नगरपालिका अधिनियम, 1916 के अन्तर्गत केयरिंग चार्ज उपविधि, 2019

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका परिषद्, खैर, अलीगढ़ में नगरपालिका अधिनियम, 1916 की सुसंगत धाराओं तथा धारा 298 सूची-1 की उपसूची 'क' से 'त्र' तक में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए पर्यावरण संरक्षण, लोक स्वास्थ्य, सार्वजनिक सुरक्षा जनहित तथा स्वच्छ भारत मिशन योजना के सुचारू रूप से किये जाने हेतु नगर का स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने के लिए नगर पालिका परिषद्, खैर, अलीगढ़ की सीमान्तर्गत केयरिंग चार्ज उपविधि, 2019 बनायी गयी है। यदि किसी भी व्यक्ति को इस सम्बन्ध में कोई आपत्ति या सुझाव प्रस्तुत करना हो तो वह उपविधि

प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के अन्दर नगर पालिका परिषद खैर कार्यालय को अपनी लिखित आपत्ति/सुझाव प्राप्त करा सकता है। निर्धारित समय सीमा के पश्चात् प्राप्त किसी भी आपत्ति/सुझाव पर कोई विचार नही किया जायेगा।

केयरिंग चार्ज उपविधि

1–संक्षिप्त नाम–यह उपविधि नगर पालिका परिषद खैर, अलीगढ़ की केयरिंग चार्ज उपविधि, 2019 कहलायेगी।

2–प्रसार–इसका प्रसार नगर पालिका परिषद्, खैर, अलीगढ़ की वर्तमान सीमा तथा आगामी वर्षो मे होने वाली सीमा वृद्धि में होगा।

3–नगर पालिका परिषद खैर, अलीगढ़ की सीमा का तात्पर्य उत्तर प्रदेश शासन द्वारा समय-समय पर जारी अधिसूचना द्वारा निर्धारित प्रारूप नगर पालिका परिषद खैर, अलीगढ़ से है।

4–प्रशासक प्रभारी अधिकारी/अध्यक्ष का तात्पर्य नगर पालिका परिषद खैर, अलीगढ़ के प्रशासक/प्रभारी अधिकारी/अध्यक्ष से है।

5–अधिशासी अधिकारी का तात्पर्य नगरपालिका परिषद खैर, अलीगढ़ के अधिशासी अधिकारी से है। जो केयरिंग चार्ज अधिकारी/दण्डाधिकारी होगा। अधिशासी अधिकारी उपविधि मे दी गयी शक्तियों का प्रयोग स्वयं अथवा अपने सक्षम अधीनस्थ अधिकारी से करा सकता है।

6–अधिशासी अधिकारी को यह अधिकार होगा कि वे प्रत्येक 5 वर्षो में केयरिंग चार्ज का पुनरीक्षण करायेगे। अपरिहार्य परिस्थितियों में यदि चार्ज का पुनरीक्षण न हो सका तो प्रत्येक 5 वर्ष में निर्धारित चार्ज में 10 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए चार्ज वसूलना सुनिश्चित करायेगें।

7—यह उपविधि शासकीय गजट में प्रकाशन की तिथि से प्रभावी होगी।

केयरिंग चार्ज की दरें

क्र0 सं0	कृत्य	पालिका द्वारा आरोपित धनराशि
1	2	3
		रु0
1	आवासीय भवन स्वामियों द्वारा खुले में कूड़ा-कचरा डालने पर।	200.00 प्रतिदिन
2	दुकानदारों द्वारा खुले में कचरा डालने पर।	500.00 प्रतिदिन
3	रेस्टोरेन्ट मालिकों द्वारा खुले में कचरा डालने पर।	500.00 प्रतिदिन
4	होटल मालिकों द्वारा खुले में कचरा डालने पर।	500.00 प्रतिदिन
5	बारात घर, गेस्ट हाउस, कोल्ड स्टोरेज, बैंकट हाल द्वारा खुले में कचरा डालने पर।	2,500.00 प्रतिदिन
6	औद्योगिक प्रतिष्ठान द्वारा खुले में कचरा डालने पर।	5,000.00 प्रतिदिन
7	हलवाई, चाट, पकौडी, फास्ट फूड, आईसक्रीम, गन्ने का रस एवं अन्य जूस एवं फूड आदि ठेला व्यवसायियों द्वारा खुले में कचरा डालने पर।	300.00 प्रतिदिन
8	डेरी मालिकों द्वारा गोबर को सार्वजनिक स्थानों पर फेंकना अथवा नाला/नालियों में बहाने पर/नाले नालियों पर अतिक्रमण करने पर।	1,000.00 प्रतिदिन
9	निजी ट्रैक्टरों द्वारा बजरी, कचरा, मलबा, गोबर इत्यादि परिवहन करते हुए नगर पालिका परिषद खैर की सडकों पर अपनी सामग्री बिखेरने व गन्दगी फैलाने पर।	200.00 प्रतिदिन
10	सरकारी भवनों, चौराहों, तिराहों, सरकारी कार्यालयों की दीवारों व उनके गेट, सरकारी विद्युत पोल पर निजी वाणिज्यिक प्रचार-प्रसार हेतु पोस्टर, स्लोगन लिखकर सरकारी दीवारें ऐतिहासिक भवनों का सुन्दरता का खराब करने व बैनर्स लगाने पर उस संस्था अथवा मौके पर पाये गये व्यक्ति से (प्रत्येक कृत्य पर)।	1,000.00 प्रतिदिन
11	बिना सक्षम अधिकारी की स्वीकृति के रोड कटिंग करने पर तथा नाला/नाली को तोडने एवं क्षतिग्रस्त करने पर।	3,000.00 प्रतिदिन तथा मरम्मत चार्ज अतिरिक्त होगा।
12	अपने भवन का सैप्टिक टैंक न होने/जल प्रवाहित शौचालय न बनवाकर गन्दगी को नाली में खुले रूप में बहाने पर तथा भवन में सैप्टिक टैंक/जल प्रभावित शौचालय होने पर भी उसे तोड़कर उसका पानी/गन्दगी को नाली मे खुले में बहाने पर।	2,000.00 प्रतिदिन
13	अपने भवन, दुकानों पर नीले एवं हरे रंग के ढक्कनदार कूडेदान न रखने।	500.00 प्रतिदिन
14	मीट की दुकानों के सामने दुकानदार द्वारा काटे गये जानवरों की हडिडयों, मलबा, मलीदा, खून, मुर्गे के पंख, अण्डों के छिलके इत्यादि सार्वजनिक मार्ग स्थल पर डालकर गन्दगी फैलाने पर।	1,000.00 प्रतिदिन
15	मुर्गे, मछली, अण्डे की पकौडी बनाकर बेचने वाले दुकानदार द्वारा मांस एवं हड्डियों, मलबा, मलीदा, खून, मर्गे के पंख, अण्डों के छिलके इत्यादि सार्वजनिक मार्ग स्थल पर डालकर गन्दगी फैलाने पर।	1,000.00 प्रतिदिन
16	सार्वजनिक मार्ग, चौराहा व भवनों, दुकानो आदि के सामने गाय, भैस, बकरी, कुत्ते, भेड, गधा, घोडा, खच्चर, सूअर, इत्यादि पालतू जानवरों से गन्दगी फैलाने पर सम्बन्धित पशु के स्वामी से पालतू जानवरों के खुले घूमते पाये जाने पर उनको नगर पालिका परिषद खैर के कांजी हाउस में बन्द किया जायेगा, जिनको निर्धारित जुर्माना दे कर 7 दिन के अन्दर छुडाया जा सकेगा। 7 दिन तक न छुड़ाने पर उक्त जानवर को जब्त कर नीलाम किया जायेगा।	500.00 प्रतिदिन

1	2	3
		रु0
17	सड़क किनारे बैठकर मांस-मछली बेचने वाले दुकानदार द्वारा मांस एवं हड्डियों, मलबा, मलीदा, खून, मुर्गे के पंख, अण्डों के छिलके इत्यादि सार्वजनिक स्थल पर डालकर गन्दगी फैलाने पर।	500.00 प्रतिदिन
18	सार्वजनिक स्थान, जमीन व सड़क के किनारे बैठकर बेचकर उनसे निकलने वाले अपशिष्ट पदार्थों, कूड़े कचरे को सार्वजनिक मार्ग स्थल पर डालकर गन्दगी फैलाने पर।	200.00 प्रतिदिन
19	हेयर कटिंग सैलून वालों द्वारा सार्वजनिक मार्ग स्थल, नाला, नाली आदि में गन्दगी बाल इत्यादि डालने पर।	500.00 प्रतिदिन
20	(अ) दुकानदारों अथवा व्यवसायियों द्वारा सार्वजनिक मार्ग, चौराहों, सड़क अथवा दुकानों के सामने की खाली सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर व्यवसाय करने पर 3×2 फुट। (ब) सब्जी ढकेल। (स) अन्य ।	500.00 प्रतिमाह 600.00 प्रतिमाह 300.00 प्रतिमाह
21	सार्वजनकि मार्ग, सड़क, फुटपाथ, सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर भोजनालय, ढाबा, होटल आदि चलाकर गन्दगी फैलाने पर।	2,000.00 प्रतिदिन
22	प्राईवेट अस्पताल, नार्सिंग होम, क्लीनिक, दवाखाना, मेडिकल स्टोर, पैथोलॉजी लैब इत्यादि के द्वारा सार्वजनिक मार्ग, सड़क पर फुटपाथ पर अपशिष्ट पदार्थों को डालकर गन्दगी फैलाने पर।	1,000.00 प्रतिदिन
23	विभिन्न चिकित्सकीय संस्थानों जैसे प्राइवेट अस्पताल, नर्सिंग होम, क्लीनिक, पैथोलॉजी लैब इत्यादि के जैव चिकित्सकीय अपशिष्ट को नगरीय ठोस अपशिष्ट में अथवा सार्वजनिक स्थान पर डालने पर।	2,000.00 प्रतिदिन
24	सड़क किनारे वॉशिंग मशीन लगाकर गाड़ियों की धुलाई करने पर।	500.00 प्रतिदिन तथा पानी का कनेक्शन काटने पर चार्ज अतिरिक्त होगा।
25	सड़क किनारे, फुटपाथ, रेलवे लाइन किनारे, सार्वजनिक मार्ग, सरकारी भूमि एवं खुले मे शौच करने पर।	500.00 प्रति व्यक्ति प्रतिदिन
26	सड़क किनारे, फुटपाथ, सार्वजनिक मार्ग, सरकारी भूमि, सरकारी कार्यालयों की दीवारों पर थूकने, तम्बाकू पान आदि की पीक थूकने पर।	200.00 प्रतिदिन
27	अपने व्यवसायिक प्रतिष्ठान में कूडादान (डस्टबिन) न रखने पर।	500.00 प्रतिदिन
28	सड़क पटरी, सार्वजनिक भूमि, सार्वजनिक मार्ग पर जनरेटर रखकर अतिक्रमण करने पर। (निजी कार्यक्रम परिग्रहण संस्कार आदि कर से मुक्त। (1) 5 के0वी0ए0 जनरेटर तक (2) 5 के0वी0ए0 से 10 के0वी0ए0 तक (3) 10 के0वी0ए0 से अधिक पर	 1,000.00 प्रति जनरेटर प्रतिदिन 2,000.00 प्रति जनरेटर प्रतिदिन 3,000.00 प्रति जनरेटर प्रतिदिन

1	2	3
		रु0
29	सार्वजनिक नाले, नालियों, स्थानों पर स्लैब/स्थायी/अस्थायी अतिक्रमण करने तथा अवैध प्रक्षेप (छज्जा, टीन शेड आदि) डालने पर।	1,000.00 प्रतिदिन
30	नगर पालिका परिषद खैर की सम्पत्ति, शासकीय सम्पत्तियों, भवनों, दुकानों आदि को क्षति पहुँचाने एवं पालिका की बिना अनुमति के उसमें किसी भी प्रकार का निर्माण/परिवर्तन करने पर।	5,000.00 प्रतिदिन
31	नगर पालिका परिषद खैर सीमान्तर्गत बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के भवन निर्माण करने पर।	2,000.00 प्रतिदिन
32	नगर पालिका परिषद खैर की बिना लिखित अनुमति के पालिका की पाइप लाइनों से जल संयोजन लेना, पाइप लाइनों में छेड़-छाड़ करना/क्षति पहुंचाना।	2,000.00 प्रतिदिन
33	नगर पालिका परिषद खैर सीमान्तर्गत बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति संतापकारी खतरनाक एवं आपत्तिजनक व्यापार जैसे पटाखे बनाना/बिक्री करना आदि जिससे जनसुरक्षा को खतरा हो उन पर।	5,000.00 प्रतिदिन
34	सार्वजनिक स्थलों/सार्वजनिक सम्पत्तियों/मार्गों/पार्कों पर लगे पेड़ पौधा को नुकसान पहुंचाने पर।	2,000.00 प्रतिदिन
35	नगर पालिका परिषद खैर की सीमान्तर्गत बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के ज्वलनशील सामग्री का ढेर लगाने पर।	5,000.00 प्रतिदिन
36	नगर पालिका परिषद खैर की सीमान्तर्गत बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के पशुओं को काटने पर।	2,000.00 प्रतिदिन
37	नगर पालिका परिषद खैर की भूमि पर जल संचयन स्त्रोत जैसे टिल्लू पम्प, जैड पम्प, समरसेबिल पम्प लगाने पर ।	10,000.00 एक बार।
	(ब) निरंतर रखने पर प्रतिवर्ष।	2,000.00 प्रतिवर्ष
38	नगर पालिका परिषद खैर की सीमान्तर्गत पालतू कुत्तों के पहचान हेतु बैल्ट न बाँधने एवं वैक्सीन (एंटी रैबीज टीका) न लगवाने पर। (नगर पालिका परिषद खैर की सीमा के गंदगी करने पर)	1,000.00 प्रतिदिन
39	भवन/दुकान स्वामियों द्वारा नल की टोटी खुली पाये जाने पर।	500.00 प्रतिदिन
40	नगरपालिका परिषद, खैर की सीमान्तर्गत पालतू कुत्तों का नगरपालिका परिषद, खैर में रजिस्ट्रेशन न कराये जाने पर।	1,000.00 प्रतिदिन
41	नगर पालिका परिषद खैर सीमान्तर्गत लकड़ी की टाल लगाकर सार्वजानिक मार्गों स्थलों आदि पर अतिक्रमण करने पर।	2,000.00 प्रतिदिन
42	नगर पालिका परिषद खैर में फेरी द्वारा किसी भी प्रकार सामान बेचे जाने पर।	100 प्रतिदिन
43	खाली प्लाट पर गंदगी जमा करने व डालने पर।	1,000 प्रतिदिन

दण्ड

नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा (1) के अन्तर्गत प्राप्त अधिकारों का प्रयोग करके नगरपालिका परिषद खैर, जनपद अलीगढ़ के यह आदेश देता है कि उपरोक्त नियमों का उलघंन करने वालों पर अंकन रु0 1,000.00 (एक हजार रुपये मात्र) तक जुर्माना किया जा सकता है यदि उलघंन जारी रहे तो प्रथम दोष सिद्ध के दिनांक से रु0 50.00 (पच्चास रुपये मात्र) प्रतिदिन के हिसाब से किया जा सकता है। जुर्माना अदा न करने वाले पर तीन मास तक का कारावास का भी दण्ड भी न्यायालय द्वारा किया जा सकता है।

ह0 (अस्पष्ट),
अधिशासी अधिकारी,
नगरपालिका परिषद,
खैर (अलीगढ़)।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र का नाम अंशुमन सिंह (ANSHUMAN SINGH, है जो समस्त शैक्षिक अभिलेखों में दर्ज है, त्रुटिवश मेरे सर्विस बुक में अंशुमन (ANSHUMAN) अंकित हो गया है ANSHUMAN SINGH एवं ANSHUMAN दोनों नाम मेरे पुत्र का ही है। मेरे पुत्र को भविष्य में ANSHUMAN SINGH नाम से ही जाना पहचाना जाय।

अजय कुमार,
निवासी-198/141 चकनिरातुल,
चकिया, प्रयागराज।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेसर्स गुरू एसोसिएट्स मकान नं0-19, सकलेनाबाद, लंका, गाजीपुर में स्थित है तथा जिसका पंजीकरण संख्या 14591 है, जिसमें दोनों साझेदार श्री राम भजन राय पुत्र स्व0 फतेहनन्द राय एवं श्रीमती मनवासा राय पत्नी श्री राम भजन राय थे। श्री राम भजन राय का स्वर्गवास दिनांक 27 दिसम्बर, 2016 को अपने घर पर हो गया, जिसके कारण फर्म हमेशा के लिये बन्द हो गयी तथा उसका विघटन हो गया। साझेदारों पर कोई बकाया शेष नहीं है। मनवासा राय पत्नी स्व0 राम भजन राय, उम्र 54 वर्ष, निवासी मकान नं0-19, सकलेनाबाद, लंका, गाजीपुर।

मनवासा राय।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का घर का नाम वंशिका द्विवेदी है जबकि उसके शैक्षिक अभिलेखों में उसका नाम नंदिका द्विवेदी दर्ज है। वंशिका द्विवेदी एवं नंदिका द्विवेदी दोनों नाम मेरी पुत्री के ही हैं। अतः भविष्य में उसे नंदिका द्विवेदी (NANDHIKA DWIVEDI के नाम से जाना, पहचाना व लिखा पढ़ा जाये।

रमेश चन्द द्विवेदी,
पुत्र श्री मदन मोहन दूबे,
निवासी 402/346 बादशाही मण्डी,
प्रयागराज।

सूचना

सूचित करते हैं कि फर्म सेनर्जी वेल्थ के पार्टनर 01 अप्रैल, 2022 से अंजू कुशवाहा के स्थान पर नये पार्टनर विनायक मिश्रा बन गये हैं।

अमित मिश्रा पार्टनर सेनर्जी वेल्थ 128/24, जी0एफ0-2, गायत्री धाम, मिलन स्क्वायर, एम0जी0 मार्ग, प्रयागराज।

अमित मिश्रा,
पुत्र स्व0 कृष्ण गोपाल मिश्रा,
निवासी एस–201, प्रयाग कुंज,
3 स्ट्रैची रोड, थाना सिविल लाइन्स, प्रयागराज।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेसर्स नदीम अहमद ट्रांसपोर्ट, कार्यालय मोहल्ला नई बस्ती बी-14, बिजनौर, जिला बिजनौर में स्थापना के समय 12, पार्टनर थे। दिनांक 15 जुलाई, 2019 को फर्म से 09 पार्टनर अपनी स्वेच्छा से अलग हो गये थे, जिनके नाम श्री फहीम अहमद (फहीम अहमद खान) पुत्र श्री नईमुद्दीन खान, श्री कलीम अहमद पुत्र श्री नईमुद्दीन परवीन पत्नी श्री मोहसिन (पुत्री श्री इसरार) मोहम्मद सलीम व मोहम्मद फहीम पुत्रगण श्री अफरोज खाँ (मो0 अफरोज) श्री शकील अहमद पुत्र श्री तोला खान, मोहम्मद सईम पुत्र श्री नसीमुद्दीन, मोहम्मद अकरम पुत्र श्री बुन्याद अली एवं श्री अब्दुल अजीज पुत्र श्री मोहम्मद इस्माईल हैं। श्री अब्दुल अजीज पुत्र श्री मोहम्मद इस्माईल की दिनांक 23 अगस्त, 2020 को मृत्यु हो गयी थी। वर्तमान में फर्म मात्र 03 पार्टनर हैं। जिनके नाम श्री नदीम अहमद पुत्र श्री नईमुद्दीन, अब्दुल्ला खान पुत्र श्री नईमुद्दीन एवं श्रीमती शाहीन उजमा पत्नी श्री इमरान अकबर हैं। अब सिर्फ 03 पार्टनरों द्वारा फर्म का संचालन किया जा रहा है। फर्म से अलग होने वाले उक्त 09 लोगों का फर्म से किसी प्रकार का लेना-देना नहीं रहा।

नदीम अहमद,
पार्टनर,
मेसर्स नदीम अहमद ट्रांसपोर्ट,
मोहल्ला नई बस्ती बी-14, बिजनौर।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पंजीकृत फर्म मेसर्स एस0एम0 इण्टरप्राइजेज का पंजीकृत पता 28बी/122सी, रामानंद नगर, अल्लापुर, इलाहाबाद से दिनांक 08 मार्च, 2022 को परिवर्तित कर "7/3ए, ए0एन0 झा मार्ग, जार्जटाउन, प्रयागराज" कर दिया गया है। अतः अब फर्म से सम्बन्धित समस्त पत्राचार व संचालन एवं

व्यवसाय परिवर्तित पते से ही किये जायेंगे। फर्म से सम्बन्धित पूर्व पते पर फर्म का किसी भी प्रकार का लेन-देन तथा दायित्व शेष नहीं है।

मोहन लाल कुशवाहा,
भागीदार।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म मेसर्स "गुलाब फार्म डेवलपर्स" पता न्यू कैशल होटल, सिविल लाइन्स, जिला मुरादाबाद नामक फर्म दिनांक 30 अप्रैल, 2021 को डिजोल्व कर दी गयी है। उक्त फर्म पर किसी तरह की कोई देनदारी या लेनदारी बकाया नहीं है।

चन्द्रपाल सिंह,
पार्टनर,
फर्म मेसर्स "गुलाब फार्म डेवलपर्स",
पता-न्यू कैशल होटल, सिविल लाइन्स,
जिला मुरादाबाद।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेसर्स विंडसर पैलेस साझेदारी फर्म 4, 5 फिफ्त लेन, कीर्ति नगर बरेली, उत्तर प्रदेश पंजीकरण बी-13736 में साझेदारों की सहमति से दिनांक 01 अप्रैल, 2020 को श्री गुरदेव सिंह चावला को उक्त फर्म में साझेदार बनाया गया व दिनांक 01 अप्रैल, 2020 को श्रीमती प्रीतम कौर चावला पत्नी स्व0 सतनाम सिंह चावला स्वेच्छा से फर्म से सेवानिवृत्त हो गयी व दिनांक 02 मई, 2020 को श्रीमती प्रीतम कौर चावला की मृत्यु हो गयी वर्तमान में फर्म में दो साझेदार क्रमशः सुनीत कौर चावला पत्नी श्री गुरबचन सिंह चावला व श्री गुरदेव सिंह चावला पुत्र स्व0 सतनाम सिंह चावला, निवासीगण एल/2ए रामपुर गार्डन बरेली है।

गुरदेव सिंह चावला,
साझेदार,
एल/2ए रामपुर गार्डन, बरेली।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म मेसर्स "डे एण्ड नाइट ट्रेडर्स" पता न्यू कैस्टल होटल, सिविल लाइन्स, जिला मुरादाबाद नामक फर्म दिनांक 28 फरवरी, 2022 को डिजोल्व कर दी गयी है। उक्त फर्म पर किसी तरह की कोई देनदारी या लेनदारी बकाया नहीं है।

विशन कुमार मिश्रा,
पार्टनर,
फर्म मेसर्स "डे एण्ड नाइट ट्रेडर्स",
पता न्यू कैस्टल होटल, सिविल लाइन्स,
जिला मुरादाबाद।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेसर्स सतनाम एग्रीकल्चर एस्टेट साझेदारी फर्म एल 4ए रामपुर गार्डन, बरेली, उत्तर प्रदेश पंजीकरण संख्या बी-13879 में साझेदारों की सहमति से दिनांक 01 अप्रैल, 2020 में गुरदेव सिंह चावला पुत्र स्व0 सतनाम चावला को उक्त फर्म में साझेदार बनाया गया व दिनांक 01 अप्रैल, 2020 को श्रीमती प्रीतम कौर चावला पत्नी स्व0 सतनाम सिंह चावला स्वेच्छा से फर्म से सेवानिवृत्त हो गयी व उनकी मृत्यु दिनांक 02 मई, 2020 को हो गयी। वर्तमान में फर्म में कुल दो साझेदार क्रमशः गुरबचन सिंह चावला व गुरदेव सिंह चावला पुत्रगण स्व0 सतनाम सिंह चावला, निवासीगण एल/2ए रामपुर गार्डन बरेली है।

गुरदेव सिंह चावला,
साझेदार,
एल/2ए रामपुर गार्डन, बरेली।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेसर्स एस0जी0 इण्टरप्राइजेज साझेदार फर्म बी-338 राजेन्द्र नगर, बरेली, उत्तर प्रदेश, पंजीकरण संख्या बी-12286 में साझेदारों की सहमति से दिनांक 15 दिसम्बर, 2016 से श्री हरदीप सिंह ओबराय पुत्र श्री कुलजीत सिंह ओबराय को उक्त फर्म में साझेदार बनाया गया व दिनांक 15 दिसम्बर, 2016 से श्री कुलजीत सिंह ओबराय फर्म से सेवानिवृत्त हो गये व दिनांक 19 जनवरी, 2017 को श्री कुलजीत सिंह ओबराय की मृत्यु हो गयी। वर्तमान में फर्म में दो साझेदार क्रमशः हरदीप सिंह ओबराय पुत्र स्व0 कुलजीत सिंह ओबराय व परमजीत सिंह ओबराय पुत्र स्व0 गुरबचन सिंह हैं।

हरदीप सिंह ओबराय।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे आर्मी के सर्विस दस्तावेजों में मेरे पुत्र का नाम दीप कुमार अग्निहोत्री गलत अंकित हो गया है। मेरे पुत्र का सही

नाम दीप अग्निहोत्री है, जो उसके शैक्षिक अभिलेखों में अंकित है। मेरे पुत्र को भविष्य में दीप अग्निहोत्री के नाम से जाना व पहचाना जाये।

सरिता अग्निहोत्री,,
504, अलोपीबाग,
प्रयागराज।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म मेसर्स ग्लोबल इन्फ्रा, फेज-2, 41 गांधीपुरम् नियर हार्टमैन कालेज, बरेली, रजि0 संख्या BAR/0004474 दिनांक 03 सितम्बर, 2019 में निम्नलिखित भागीदार थे–

1–उमाकान्त गंगवार पुत्र श्री ओमप्रकाश गंगवार, निवासी फेज-2, 41 गांधीपुरम् नियर हार्टमैन कालेज, बरेली।

2–अरविन्द कुमार गंगवार पुत्र श्री भुवनेश बाबू, निवासी ए-373/2, राजेन्द्र नगर बरेली।

श्रीमती रेखा रानी गंगवार पत्नी श्री अरविन्द कुमार, निवासी 160 गुलड़िया, पो0 बल्ली बरेली, सभी साझेदारों की रजामंदी से दिनांक 26 नवम्बर, 2021 से फर्म में भागीदार के रूप में सम्मिलित हो गयी हैं।

अरविन्द कुमार गंगवार पुत्र श्री भुवनेश बाबू, निवासी ए-373/2, राजेन्द्र नगर, बरेली ने दिनांक 26 नवम्बर, 2021 को फर्म की भागीदारी स्वेच्छा से त्याग दी है। फर्म का इन पर तथा इनका फर्म पर किसी भी प्रकार का कोई लेन-देन शेष नहीं है।

वर्तमान में फर्म में दो निम्नलिखित भागीदार हैं–

1–उमाकान्त गंगवार पुत्र श्री ओमप्रकाश गंगवार, निवासी फेज-2, 41 गांधीपुरम् नियर हार्टमैन कालेज, बरेली।

2–श्रीमती रेखा रानी गंगवार पत्नी श्री अरविन्द कुमार, निवासी 160 गुलड़िया, पो0 बल्ली बरेली।

सभी विधिक औपचारिकतायें पूर्ण कर ली गयी हैं।

उमाकान्त गंगवार,
पार्टनर,
मेसर्स ग्लोबल इन्फ्रा।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म मेसर्स "नेचुरल ग्रीन फार्म" पता सी/225, दीनदयाल नगर, जिला मुरादाबाद नामक फर्म दिनांक 28 फरवरी, 2022 को डिजोल्व कर दी गयी है। उक्त फर्म पर किसी तरह की कोई देनदारी या लेनदारी बकाया नहीं है।

राजेन्द्र कुमार,
पार्टनर,
फर्म मेसर्स "नेचुरल ग्रीन फार्म",
सी/225, दीनदयाल नगर,
जिला मुरादाबाद।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म मेसर्स "आर0एम0 ट्रेडर्स" पता 25, सिविल लाइन्स, जिला मुरादाबाद नामक फर्म दिनांक 28 फरवरी, 2022 को डिजोल्व कर दी गयी है। उक्त फर्म पर किसी तरह की कोई देनदारी या लेनदारी बकाया नहीं है।

अवधेश कुमार,
पार्टनर,
फर्म मेसर्स "आर0एम0 ट्रेडर्स",
पता 25, सिविल लाइन्स,
जिला मुरादाबाद।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म मेसर्स "रामगंगा विहार ट्रेडर्स" पता 25, सिविल लाइन्स, जिला मुरादाबाद नामक फर्म दिनांक 28 फरवरी, 2022 को डिजोल्व कर दी गयी है। उक्त फर्म पर किसी तरह की कोई देनदारी या लेनदारी बकाया नहीं है।

जयपाल,
पार्टनर,
फर्म मेसर्स "रामगंगा विहार ट्रेडर्स",
पता 25, सिविल लाइन्स,
जिला मुरादाबाद।

पी0एस0यू0पी0–1 हिन्दी गजट–भाग 8–2022 ई0।
मुद्रक एवं प्रकाशक–निदेशक, मुद्रण एवं लेखन-सामग्री, उ0प्र0, प्रयागराज।